卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः ॥ आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ॥ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 295 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦2 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444262
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## जाने माने आर्ट डायरेक्टर नितिन देसाई ने किया सुसाईड

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।बॉलीवुड के जाने-माने आर्ट डायरेक्टर नितिन देसाई ने बुधवार सुबह खुदकुशी कर ली। रिपोर्ट्स की मानें तो 58 साल के नितिन देसाई ने करजत के एनडी स्टूडियो में फांसी लगाकर आत्महत्या जैसा कदम उठाया। आत्म हत्या का कारण आर्थिक तंगी माना जा रहा है। नितिन देसाई कर्जत में अपने एन डी स्टूडियो में मृत पाए गए हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट चुकी है। मिली जानकारी के मुताबिक, नितिन देसाई सुबह 4:30 बजे एन डी स्टूडियो में फांसी लगाकर अपनी जान दी ।उनकी मौत का कारण पैसों की तंगी बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के



मुताबिक नितिन देसाई कल रात 10 बजे अपने कमरे में चले गए थे. आज सुबह काफी देर तक वो बाहर नहीं आए। तभी उनके बॉडीगार्ड और दूसरे लोगों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा किसी ने खोला नहीं। खिड़की से जब देखा गया तो नितिन देसाई का शव पंखे से लटका हुआ था, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नितिन देसाई 9 अगस्त को अपना 58वां बर्थडे सेलिब्रेट करने वाले थे, लेकिन अपने जन्मदिन से पहले ही उन्होंने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया।नितिन ने 1989 में परिंदा फिल्म से एक आर्ट डायरेक्टर के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों के सेट तैयार किए थे। जिन फेमस फिल्मों के सेट (शेष पृष्ठ सात पर)

## खाई में गिरी कार चालक की मौत

नैनीताल (उद संवाददाता)। मंगलवार देर रात रामगढ़ में एक कार अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई। पुलिस ने कार में फंसे चालक को बमुश्किल कार से निकालकर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात नैनीताल पुलिस को रामगढ़ निवासी रोहित नेगी ने सूचना दी कि रामगढ़ गांव में नैकाना पुल के नीचे एक वैगनआर कार गिरी हुई है, जिसमें चालक दबा हुआ है। सूचना के बाद रामगढ़ के चौकी प्रभारी एस.आई.देवेंद्र सिंह राणा मय फोर्स और उपकरणों के घटनास्थल पहुंचे। पुलिस टीम को नैकाना (शेष पृष्ठ सात पर)



गुरू माँ
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## बादल फटने से मची तबाही,घर में घुसा मलवा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोटाबाग के ग्राम पंचायत ओखलढूंगा में बादल फटने से लगभग 50 परिवारों के घरों और गौशाला में पानी और मलबा घुस गया।



प्रभावित परिवारों को ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओखलढुंगा में विस्थापित किया गया है। पूर्व विधायक प्रतिनिधि नैनीताल कृपाल बिष्ट ने बताया कि ग्रामीणों की पूरी फसल नष्ट हो गई है। वहीं रामनगर से 25 किमी दूर कालाढूंगी तहसील के पाटकोट- भलोन के बीच का नाला उफान में आ गया। दूसरी तरफ पिथौरागढ़ में सुबह बारिश जारी है। चीन सीमा को जोड़ने वाला धापा- मिलम मोटर मार्ग धापा के समीप बोल्डर मलबा गिरने (शेष पृष्ठ सात पर)

## हनी ट्रैप में फंसाकर व्यापारी से पांच लाख ठगे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। क्षेत्र के एक व्यापारी को उसका अश्लील वीडियो फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर अज्ञात लोगों द्वारा पांच लाख रुपए से अधिक की ठगी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। व्यापारी की तहरीर मिलने के बाद काठगोदाम थाना पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पीड़ित व्यापारी का कहना है कि बदनामी के डर से उसने पैसे दे दिए। लेकिन फिर बार-बार कॉल आते रहे और हर बार पहले से ज्यादा पैसे मांगे गए। व्यापारी ने 5 लाख रुपये जालसाजों को दे दिए। काठगोदाम थाना क्षेत्र निवासी व्यापारी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 28 जुलाई को उनके पास एक फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का एसीपी बताते हुए ध मकाकर कहा आपका अश्लील फोटो वीडियो लेकर कुछ लोग थाने पहुंचे हैं। अगर आप समझौता करते हैं तो आप तुरन्त 31,500 रुपये खाते में डाल दो। जिसके बाद घबराए व्यापारी ने उनके बताए हुए बैंक खाते में पैसे डाल दिए। मामला यहीं पा समाप्त नहीं हुआ। इसके तुरंत बाद फिर एक फोन आया और उसने 95,500 रुपये की (शेष पृष्ठ सात पर)

### साइबर ठगों ने दो लोगों से की लाखों की ठगी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अज्ञात साइबर ठगों ने दो लोगों से लाखों रुपए की ठगी कर ली। घटनाओं की रपट दर्ज करा दी गई है। एक मामले में साइबर ठग ने एयरटेल कंपनी का कस्टमर केयर अधिकारी बनकर युवक से हजारों की ठगी कर ली। शीशमहल काठगोदाम निवासी नितिन पालीवाल ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसने अपने एयरटेल के नंबर में 118 रूपये का रिचार्ज किया। यह पैसा उसके बैंक खाते से तो कट गया, लेकिन रिचार्ज नहीं हुआ। इस पर उसने कस्टमर केयर अधिकारी से बात (शेष पृष्ठ सात पर)

## चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो शेयर करने पर मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इन्स्टाग्राम पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो शेयर करने पर पुलिस ने एसएसपी एसटीएफ के आदेश पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुजीत पुत्र सुशील सरकार निवासी वार्ड नंबर 02, शिव नगर द्वारा मोबाईल से इन्स्टाग्राम पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो शेयर की गई थी। जिसके विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए शिकायत प्राप्त हुई थी। एसटीएफ की जांच के दौरान पाया गया कि सुजीत द्वारा अपने मोबाइल (शेष पृष्ठ सात पर)

## आढ़त से लौटते दोस्तों पर किया जानलेवा हमला

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विगत रात्रि बगवाड़ा मण्डी में साथी मजदूरों को खाना देकर बाईक पर सवार होकर घर वापस लौट रहे दो दोस्तों पर मार्ग में पहले से घात लगाकर बैठे कुछ लोगों ने तमंचे व अन्य धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में मौहल्ला खेड़ा वार्ड 18 निवासी अहमद खां पुत्र अच्छन खां ने कहा है कि उनके पुत्र रफी खां की बगवाड़ा मण्डी में फल की आढ़त है। 31 जुलाई की रात्रि साढ़े नौ बजे उसका पोता समीर आढ़त में काम करने वाले मजदूरों को खाना देकर अपने दोस्त अनस के साथ बाईक पर सवार होकर वापस घर लौट रहा था। मार्ग में वार्ड 17 ईदगाह चौराहा पर सुहेल बाबा, सलमान, अरबाज पुत्रगण फरीद बाबा, समीर पुत्र महबूब, फैजान पुत्र याकूब तथा अयूब निवासी वार्ड 17 खेड़ा ने पोते समीर व उसके दोस्त अनस पर कांपा, लोहे की रॉड, डंडे, लाठी व तमंचे से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में समीर (शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरी की बाइक सहित दो गिरफ्तार

किच्छा( उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने चोरी हुई बाईक बरामद करते हुए मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य संदिग्ध को पुलिस ने चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक आवास विकास किच्छा निवासी हरिओम शर्मा पुत्र राजकुमार ने बीते दिनों पुलिस को तहरीर (शेष पृष्ठ सात पर)



## आग से सब्जी की तीन दुकानें जलकर हुई राख

शक्तिफार्म( उद संवाददाता) ।नगर के मुख्य बाजार स्थित काली मंदिर में सब्जी की तीन दुकानें जलकर राख हो गयी। रोज की तरह मंगलवार रात्रि को त्रिपाल, काला



पन्नी आदि से दुकाने ढक कर सब्जी विक्रेता घर चले गये थे। घटना रात लगभग 2 बजे का अनुमान लगाया जा रहा है। सब्जी बाजार से (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड में फैलता जा रहा है आई फ्लू संक्रमण

## अस्पतालों में संक्रमित मरीजों का लग रहा तांता, जलन और खुजली से लाल हो रही आंखें, भीड़ में जाने से बचे

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश के मैदानी जनपदों में आई फ्लू (कंजेक्टिवाइटिस) के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दून अस्पताल में भी मरीजों का तांता लगा हुआ है। आई फ्लू के मरीजों का आंकड़ा देख अस्पताल प्रबंधन भी लगातार लोगों से आइसोलेट होने की अपील कर रहा है। दून अस्पताल के आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर पीयूष सोढ़ी ने कहा कि आई फ्लू से घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह एक से दो हफ्ते में ठीक हो जाने वाली बीमारी है। डॉ पीयूष सोढ़ी ने कहा कि आई फ्लू एक तरह का वायरस है। ऐसे में किसी व्यक्ति को अगर आई फ्लू हो जाता है तो उसे खुद को कुछ समय के लिए आइसोलेट कर देना चाहिए। वायरल कंजक्टि



वाइटिस आंख का संक्रमण है। इसके कारण कंजक्टिवा, पलकों के अंदर और आंख के सफेद हिस्से को ढकने वाली झिल्ली में सूजन आ जाती है। आंखे लाल हो जाती हैं। आमतौर पर वायरल कंजक्टिवाइटिस एडेनोवायरस के कारण होता है। जो कि संक्रमित व्यक्ति की आंखों से निकलने वाले स्राव के संपर्क में आने से फैलता है। इसके साथ ही संक्रमित व्यक्ति के तौलिया, वाश क्लाथ या आंखों के मेकअप के संपर्क में आने से भी ये फैलाता है।



**आई फ्लू के ये हैं लक्षण:** आई फ्लू के लक्षणों में सबसे आम आंखें लाल होना और आंखों में खुजली होना है। इसके साथ ही सूजी और चढ़ी हुई आँखे, आंखों से पानी या चिपचिपा पदार्थ निकलना, आंखों में जलन या खुजली महसूस होने के साथ ही सुबह पलकों पर पपड़ी जमना आई फ्लू के लक्षण हैं।

**राहत के लिए अपनाए ये उपाय:** आई फ्लू से राहत के लिए अपनी आंखों पर ठंडा सेक लगाना चाहिए। इसके साथ ही अपनी आंखों को भी ना मिले। अगर आंखों में जलन या खुजली ज्यादा महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।इन बातों को रखें खास ध्यान: हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोएं। आंखों को बार-बार छूने से बचें। आई फ्लू होने पर आंखों के मेकअप से बचें।आई फ्लू होने पर स्विमिंग ना करें। दूसरों के साथ तौलिया, वाश क्लाथ या आंखों का मेकअप साझा करने से बचें। कांटेक्ट लेंस बाहर निकालें और निर्माता के निर्देशों के अनुसार ही साफ करें।आंखों के संपर्क में आने वाली किसी भी सतह को साफ और कीटाणु रहित करें।

## रूद्रपुर में आई फ्लू का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा

रुद्रपुर। क्षेत्र में आई फ्लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। स्कूली बच्चों सहित अभिभावक की संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। आई फ्लू से पीड़ित लोग आईड्राप व चश्मा पहनकर आंखों का बचाव कर रहे है। मेडिकल कॉलेज के ओपीडी ब्लॉक में आई फ्लू की जांच के लिए 70 से अधिक मरीज पहुंचे। मरीजों की स्वास्थ्य जांच के साथ ही एहतियात बरतने के लिए कहा गया। नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि मरीजों को घबराने की जरूरत नही हैं। घर पर उचित देखभाल करने पर मरीज एक सप्ताह में स्वस्थ हो सकते हैं। खटीमा के नागरिक चिकित्सालय में मरीजों की भीड़ लग रही है। अस्पताल में तैनात आई सर्जन डॉ निशा बाठला ने बताया कि अस्पताल में आने वाले आंख के मरीजों में 40 से 50 प्रतिशत मरीज आई फ्लू के है, जिसमें बच्चों की संख्या अधिक है। उन्होंने बताया के मौसम बदलने व बरसात से वातावरण में नमी होने के कारण आई फलू के मामले बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही यह एक-दूसरे में तेजी से फैल भी रहा है।

## जलजनित रोग 'आई फ्लू' एवं होम्योपैथिक चिकित्सा

आजकल देश भर में आई फ्लू या कंजकिवाइटिश का प्रकोप चल रहा है। इसका प्रकोप हाल ही में हुई बारिश के जलभराब और रुके हुए पानी में जलजनित बैक्टीरिया और वायरस की बजह से सामने आ रहा है। इसके लक्षणों में आँखों का लाल होना , खुजली होना या पानी बहना शामिल है। देश भर में आई बाढ़ और बारिश आई फ्लू का संक्रमण तेजी से फैलता जा रहा है जिसके चलते आँखों को ढककर रखने और बार बार आँखों को छूने से परहेज करना चाहिए। अगर आप आई फ्लू की चपेट में हैं तो होमियोपैथी दवाई काफी कारगर साबित हो सकती है । संक्रमण विधि- सीधे संपर्क में आने पर छूत द्वारा, यह वायरस आक्रांत मरीज के स्वसन द्वारा भी बाहर आता है इस तरह एयर बॉर्न भी है। यह वायरस दूषित जल में भी विकसित होता हुआ देखा जाता है इस तरह यह वाटर वार्न भी है। संक्रमण विकास अवधि (इनक्यूबेशन पीरियड)- यह अत्यंत संक्रामक रोग है। वायरस के संपर्क में आने के 1 से 2 दिन के अंदर लक्षण दिखाई पड़ने लगते हैं। संक्रमण काल- उम्र, अवधि एवं एरिया- बरसात के मौसम में बच्चे बूढ़े सबको यह संक्रमण लग सकता है, देश के बड़े हिस्से को एक साथ आक्रांत कर सकता है। रोग अवधि 7 से 14 दिन कभी-कभी 3 हफ्ते तक।

**लक्षण**- (इसके लक्षण बहुत घातक नहीं है किंतु परेशान करने वाले हैं)

हल्के सर्दी, जुकाम के साथ आंखों में चुभन महसूस होना।आंखों से लसीला स्राव का निकलना।पलकों का आपस में चिपकना और फूल जाना। आंखों की श्लेष्मिक झिल्ली का इंफ्लमेशन के साथ गहरा लाल हो जाना।फोटोफोबिया, प्रकाश की तरफ देखने में परेशानी। कुछ पड़े होने की आशंका के कारण आंखों को बार-बार साफ करने की इच्छा। कभी-कभी जल्दी आराम ना होने पर गाढ़े पीले रंग का स्राव आना।सुस्ती, हल्का सर दर्द एवं कमजोरी महसूस करना।छोटे बच्चों में पेट खराब होने की शिकायत मिल सकती है। 10- 8 से 14 दिन में लक्ष्मण स्वत: ही कम होने लगते हैं और आराम मिलता है।

**बचाव-:** नमी से बचें और वस्त्रों को अच्छी तरह सुखा कर पहनें। पानी उबालकर ठंडा कर लें और आंखों पर छींटा मार कर दिन में दो-तीन बार धोएं। सभी लोग अपना-अपना तौलिया और रुमाल का प्रयोग करें। संक्रमित को चश्मा लगाने के लिए कहा जाए और उससे दूर रहा जाए। जस स्कूल में संक्रमण पहुंच गया हो वहां बच्चों को दूर-दूर बैठाया जाय अथवा संक्रमित बच्चे को छुट्टी दिया जाय। वाटर पार्क में जाने से बचें।धूप में जाने से बचें। मोबाइल का प्रयोग कम से कम किया जाय। बचाव की होमियोपैथिक दवा-जिस एरिया में वायरल कंजेक्टिवाइटिस फैला हो वहां होम्योपैथिक औषधि यूफ्रेसिया 200 रोज एक बार लेना चाहिए।

**होम्योपैथिक चिकित्सा**- वायरल कंजेक्टिवाइटिस हो जाने पर लक्षणानुसार अनेक होम्योपैथिक औषधियों का चुनाव किया जा सकता है और त्वरित आराम दिया जा सकता है। जिनमें प्रमुख हैं बेलाडोना, यूफ्रेसिया, अर्जेंटम नाइट्रिकम, पलसाटीला, साइलीसिया, काली म्यूर 6०,मर्क कार, नेट्रम सल्फ, रस टॉक्स इत्यादि।यूफ्रेसिया एक्सटर्नल डिस्ट्रिक्ट वाटर में 5% मिलाकर बनाया गया आई ड्रॉप बाहर से प्रयोग किया जा सकता है।

**नोट- औषधियों का प्रयोग होम्योपैथिक चिकित्सकों की राय पर किया जाय। -डॉक्टर,एम.डी सिंह।**

## कुमाऊं में 16 अभियोगों में 65 के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक, कुमांयूँ परिक्षेत्र डॉ. नीलेश आनन्द भरणें द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कुमायूँ परिक्षेत्र के जनपदों में वर्ष 2023 में अब तक गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियोगों के सम्बन्ध में समस्त



क्षेत्राधिकारी तथा विवेचना कर रहे विवचकों के साथ गोष्ठी कर अभियोगों की समीक्षा की गयी। जिसमें बताया गया कि इस वर्ष अभी तक कुमाऊं परिक्षेत्र में कुल 16 अभियोगों में 65 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। जिनमे जनपद नैनीताल में उपरोक्त अवधि में कुल 6 अभियोगों में 24 अभियुक्तों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जनपद ऊधमसिंहनगर में उपरोक्त अवधि में कुल 5 अभियोगों में 23 अभियुक्तों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। जनपद चम्पावत में उपरोक्त अवधि में कुल 1 अभियोगों में 2 अभियुक्तों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।जनपद पिथौरागढ़ में उपरोक्त अवधि में कुल 1 अभियोगों में 10 अभियुक्तों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। जनपद अल्मोड़ा में उपरोक्त अवधि में कुल 3 अभियोगों में 6 अभियुक्तों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।गोष्ठी में आईजी डा. भरने ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजनमानस में भय व्याप्त करने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध अधिक से अधिक गैंगस्टर की कार्यवाही कर सम्पत्ति जब्तीकरण करायी जाए। जिससे जनता में पुलिस के प्रति सकारात्मक विचार उत्पन्न हों तथा अपराधियों का खौफ ना हो। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद ऊधमसिंहनगर की कार्यवाही जनपद नैनीताल से कम है जो कि संतोषजनक नहीं है। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि उनके द्वारा गैंगस्टर एक्ट में पंजीकृत अभियोंगों की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को की जायेगी।

## उत्तराखंड को ढांचागत विकास के लिए केंद्र से धन नहीं मिल पा रहा : हरदा

देहरादून (उद संवाददाता)। पूर्व सीएम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने सीएम पुष्कर सिंह धामी और पीएम मोदी की मुलाकात के दौरान केंद्र सरकार को भेजे गये सड़कों के प्रस्ताव को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए बताया है कि मुख्यमंत्री जी ने आदरणीय प्रधानमंत्री जी के सामने उत्तराखंड के मांगों की फेहरिस्त रखी है, हम उससे सहमत हैं। मगर माननीय मुख्यमंत्री जी से इतना कहना चाहते हैं कि मेट्रो के निर्माण में विलंब के लिए राज्य सरकार का असमंजस जिम्मेदार है। 2016 में जिस परियोजना में एमडी सहित सारा ढांचा खड़ा कर लिया गया हो उस परियोजना के कार्य में 7 साल बाद भी राज्य वहीं पर खड़ा हो जहां पर 2016 में खड़ा था, तो इसके लिए भाजपानित सरकारों को दोष देने के अलावा राज्य के पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। यही स्थिति राष्ट्रीय राजमार्गों को लेकर के भी है। भारत सरकार द्वारा 2016 में 20 राष्ट्रीय राजमार्गों जिसमें से 6 राष्ट्रीय राजमार्गों का माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री जी को प्रेषित ज्ञापन में उल्लेख किया है कि सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई थी, उसके बाद राज्य सरकार को विधिवत डीपीआर आदि बनाकर भेजने थे,



इसका श्रेय कहीं 2016 की सरकार को न मिले इसलिये इस मामले को लगातार लटकाया गया और आज परिणाम यह है कि 2023 में भी माननीय मुख्यमंत्री जी 2016 के प्रस्तावों पर माननीय प्रधानमंत्री जी के सैद्धांतिक आशीर्वाद की कामना कर रहे हैं और इन मोटर मार्गो में भीमताल-मोरनौला- लोहाघाट- पंचेश्वर मोटर मार्ग भी सम्मिलित है। मुझे बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि सीआईआरएफ में जो राज्य का पैसा जमा है उसका 20 प्रतिशत हिस्सा भी राज्य को वापस नहीं मिला है। राज्य सरकार से समय पर प्रस्तावना जाना है इसका कारण है या कोई और कारण, यह तो मैं नहीं जानता। लेकिन मेरी जानकारी के अनुसार राज्य का अट्ठारह सौ करोड़ रूपया सीआईआरएफ में बनता है। सोंग बांध, जमरानी बांध आदि यह मामले भारतीय जनता पार्टी या माननीय मुख्यमंत्री जी को चुनाव के वक्त में याद आते हैं। इन मामलों में जहां पर हम 2016 में खड़े थे, हम वहीं पर खड़े हैं। मैं मुख्यमंत्री जी के प्रयासों की सराहना कर रहा हूं, लेकिन जो वस्तु स्थिति है उसको मुख्यमंत्री जी और माननीय प्रधानमंत्री जी को स्वीकार करना पड़ेगा कि उत्तराखंड को ढांचागत विकास के लिए जो धन केंद्र सरकार से मिलना चाहिए था, वह धन नहीं मिल पा रहा है और इससे बेहतर स्थिति में हम सिंगल इंजन में हम 2016 में थे, जिस स्थिति में आज ट्रिपल-फोर इंजन सरकार के रूप में वर्तमान व्यवस्था है।

## पुलभट्टा में युवक की हत्या अर्धनग्न हालत में मिला शव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलभट्टा क्षेत्र में युवक की हत्या से सनसनी फैल गयी। युवक का शव फ्लाईओवर पर अर्धनग्न हालत में मिला है। प्रथम दृष्टया गला रेतकर हत्या किये जाने की आशंका है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। मंगलवार देर रात पुलभट्टा पुलिस को सूचना मिली कि फ्लाईओवर पर एक शव पड़ा है। जिससे पुलिस में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां युवक का अर्धनग्न शव पड़ा था। मृतक ने केवल अंडरवियर पहना हुआ था। उसका गला रेत कर हत्या की गई थी। आशंका जताई जा रही है कि शव चलते हुए वाहन से फैंका गया है। मृतक के शरीर पर घसीटे जाने के भी निशान है। पुलिस मृतक की शिनाख्त करने के प्रयास किये जाने किन कोई सफलता नहीं मिली। थानाध्यक्ष के मुताबिक पुलिस क्षेत्र के सीसीटीवी खंगाल कर संदिग्ध वाहनों की तलाश कर रही है। पुलिस पुलभट्टा के साथ ही उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे क्षेत्र में भी मृतक की फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

## छात्रवृति के लिए 21 छात्र छात्राओं का चयन

रूद्रपुर (उद संवाददाता) । हेल्पिंग हैंड्स संस्था द्वारा आयोजित इंटर स्कूल छात्रवृत्ति प्रतियोगिता के परिणाम में 21 छात्र छात्राओं का छात्रवृति हेतु चयन किया गया। ज्ञात हो कि संस्था द्वारा गत 28 जुलाई को अग्रवाल धर्मशाला में प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें नगर के विभिन्न स्कूलों से आए कक्षा 5, 6 और 7 के 75 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।उनमें प्रज्ञा भारती डिबडिबा, शिशु मंदिर कल्याणी व्यू, प्रज्ञा भारती रम्पुरा, विद्या सागर सेकेण्डरी स्कूल खेड़ा व सुपर इंटर कॉलेज खेड़ा के विद्यार्थी शामिल थे। घोषित परिणाम में कक्षा पांच में प्रथम श्रेणी में सुपर इंटर कॉलेज के सुमित कुमार व पीयूष पाल, विद्या सागर स्कूल के बबलू बिष्ट, द्वितीय श्रेणी में विद्या सागर स्कूल के सवानिया, कपिल, सुपर इंटर कालेज के खुशी यादव व अंशू राजपूत, कक्षा छह में प्रथम श्रेणी में सुपर इंटर कालेज की दीक्षा यादव, शिशु मंदिर के हिमांशु, विद्या सागर स्कूल के ज्योति मालिक तथा संजय राठौर, द्वितीय श्रेणी में प्रज्ञा भारती स्कूल के विराज, सुपर इंटर कालेज के ऋषभ भारती, शिशु मंदिर के अभय सिंह तथा आयुष्मान, कक्षा सात में प्रथम श्रेणी में शिशु मंदिर स्कूल की दिव्या गंगवार, विद्या सागर स्कूल के मोहित बढ़ोई, द्वितीय श्रेणी में विद्या सागर स्कूल के प्रणय हालदार, शिशु भारती स्कूल के उमंग बिष्ट, शिशु मंदिर स्कूल की मेघा कुमारी तथा प्रज्ञा भारती स्कूल के रितेश शर्मा का छात्रवृति हेतु चयन किया गया। विजेता छात्र छात्राओं को मेडल के साथ ही साथ उन्हें आयोजक संस्था द्वारा स्कूल फीस के रूप में छात्रवृति प्रदान की जायेगी। हेल्पिंग हैंड्स संस्था से खुशबू अग्रवाल, विदुषी अग्रवाल, नैन्सी बंसल, मानसी खंडेलवाल, जूही गोयल, शिवाली गोयल, राधिका अग्रवाल, सृष्टि मित्तल व नेहा छाबड़ा ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षो से मेधावी विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रवृति देती आ रही है।



# जलभराव से काशीपुर की हालत एक बार फिर नारकीय

## मेन मार्केट हाईवे व आबादी वाले मोहल्लों में गंदे पानी के बीच से होकर गुजरने को विवश हैं लोग





काशीपुर(उद संवाददाता)। देर रात से रुक-रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश के बीच एक बार फिर काशीपुर शहर ताल तलैया में तब्दील हो गया है। शहर के अधिकांश आबादी वाले मोहल्ले मेन मार्केट एवं राष्ट्रीय राजमार्ग जलमग्न होने के कारण जहां एक और यातायात बुरी तरह बाधित है वहीं दूसरी ओर जलभराव से होने वाले नुकसान को लेकर व्यापारियों के चेहरे सफेद पड़ चुके हैं। लोगों का आरोप है कि मानसून आने से पूर्व यादी नाले नालियों की तली झाड़ की भली प्रकार सफाई कराई गई होती तो जलभराव की समस्या से कुछ हद तक निजात मिल पाता लेकिन नगर निगम का ठेका प्रथा निष्क्रिय हो चुका है। ज्ञातव्य है कि उमस भरी गर्मी के बीच पिछले 24 घंटों से आसमान पर उमड़ घुमड़ कर रहे काले बादलों ने आधी रात के बाद से अचानक तेवर तल्ख कर दिए और देखते ही देखते आसमान में तेज गड़गड़ाहट के साथ मूसलाधार बारिश होने लगी। हवाओं के साथ हो रही तेज बरसात के कारण जहां एक और लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत की सांस ली वहीं दूसरी ओर पौराणिक शहर काशीपुर एक बार फिर से ताल तलैया में तब्दील हो गया। स्टेशन रोड मुरादाबाद रोड महेशपुरा रोड मेन मार्केट रतन रोड के अलावा मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी काली बस्ती कटोराताल काजीबाग आवास विकास गौतम नगर कवि नगर मोहल्ला मजरा महेशपुरा बाल्मीकि बस्ती अल्ली खां रोड आदि दर्जनों मोहल्लों में जलभराव की स्थिति व्याप्त होने के कारण स्थानीय लोगों राहगीरों एवं वाहन चालकों को कचरा एवं मल मूत्र युक्त पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

## जनता की अपेक्षाओं पर महापौर ने किया कुठाराघात

काशीपुर। शहर में तमाम स्थानों पर हो रहे जलजमाव एवं चारों ओर पसरी गंदगी से निजात दिलाने में नगर निगम फेलियर साबित हुआ। नगर निगम की लापरवाह कार्यशैली के चलते आबादी वाले मोहल्लों में गंदगी के कारण संक्रमण बीमारियों का गंभीर अंदेशा होने लगा है। लोगों का आरोप है कि ठेका प्रथा के कारण सफाई कर्मचारी ठीक से औपचारिक तक नहीं कर पा रहे हैं। दायित्वों में बढ़ती जा रही इस तरह की घोर लापरवाही को महापौर देख कर अनदेखा कर रही है। पिछले दिनों महापौर द्वारा जलभराव वाले स्थानों पर किए गए स्थलीय निरीक्षण को क्षेत्रीय जनता महज मजाक करार देती है। नागरिकों का आरोप है कि अपने तीन बार के कार्यकाल में पालिका अध्यक्ष व महापौर रहते हुए उषा चौधरी ने जनता की अपेक्षाओं पर साफ तौर पर कुठाराघात किया। वह जनता की उम्मीदों पर कभी खरी नहीं उतर पाई।

## सनातन धर्म मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शुरू

गदरपुर(उद संवाददाता)। बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मन्दिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगभग एक माह तक चलने वाली श्री मदभागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ हुआ कथा के आज प्रथम दिन पंडित विजय कुमार शास्त्री जी द्वारा पूजा अर्चना एवं मंत्रोचार के साथ आज के जजमान श्री सनातन धर्म मंदिर सभा के अध्यक्ष श्री वेद राज बजाज जी ने सपत्नीक मंदिर पूजा अर्चना कर मंदिर में विराजमान देवी-देवताओं की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कथा का अनुसरण किया मंदिर के पुजारी पंडित विजय कुमार शास्त्री द्वारा व्यास गद्दी पर श्रीमद् भागवत स्थापित करते हुए मंदिर परिसर में आई हुई धर्म प्रेमी जनता को भागवत कथा का अनुश्रवण कराया श्रीमद् भागवत कथा को श्रवण करने आए प्रभु प्रेमियों के लिए आज के प्रसाद की सेवा श्री संजीव कुमार डोडा जी के परिवार द्वारा दी गयी। इस दौरान काफी संख्या में धर्म प्रेमी मौजूद थे।



## डीएम को सौंपा 20 सूत्रीय ज्ञापन

काशीपुर। समानता, न्याय और भाईचारे को समर्पित सामाजिक संगठन 'द एलिट क्लब' काशीपुर के साथियों ने जिलाधिकारी, को तहसील दिवस के अवसर पर तहसीलदार काशीपुर के माध्यम से काशीपुर शहर से संबंधित 20 सूत्रीय समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में मुख्यरूप से काशीपुर और आस पास के इलाको की 20 समस्याओं से संबंधित एक शिकायती पत्र दिया गया । क्लब के अली अनवर द्वारा अवगत कराया गया को राजनीति से परे इस क्लब के सभी सदस्यों ने संकल्प लिया है की हमेशा जनहित के मुद्दो पर कार्य करते रहेंगे अली अनवर ने बताया तहसीलदार काशीपुर के द्वारा अध्यक्ष तहसील दिवस/ जिलाधिकारी को जनहित की समस्याओं से अवगत कराया गया है और जल्द से जल्द निराकरण की मांग को गई है।



## हार के डर से सरकार आगे खिसकाना चाहती है निकाय चुनाव: एन.यू खान

किच्छा(उद संवाददाता)। स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर बन रहे संशय के बीच सरकार के विरुद्ध कांग्रेस मोर्चा खोलने के लिए तैयार है। स्थानीय निकाय के चुनाव में करारी हार के संशय के कारण नवंबर में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव कराने में सरकार की मंशा में खोट नजर आ रही है । सरकार समय पर चुनाव कराने से बचना चाहती है। उक्त आरोप कांग्रेस के नगर उपाध्यक्ष एन यू खान ने प्रेस को जारी एक बयान में लगाया है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एन यू खान का कहना है कि आगामी नवंबर माह में स्थानीय निकाय चुनाव होना है पर सरकार द्वारा अभी तक वोटर लिस्टों का कार्य प्रारंभ नही कराया है और ना ही वार्ड आदि के परिसीमन की कोई प्रक्रिया शुरू की गई है। इससे लगता है कि सरकार की नियत में खोट है तथा हार का डर है।इसलिए सरकार समय पर चुनाव कराना नहीं चाहती है। खान का आरोप है कि बढ़ती महंगाई और सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण सरकार को स्थानीय निकाय चुनाव में अपनी करारी हार दिखाई दे रही है यही कारण है कि सरकार ने स्थानीय निकाय चुनाव की जो प्रक्रिया होती है उसमें से कोई भी प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं कि है जिससे लगता है कि सरकार स्थानीय निकाय चुनाव को समय पर कराना नहीं चाहती श्री खान ने चुनाव आयोग और प्रदेश सरकार से मांग की है स्थानीय निकाय चुनाव समय पर कराए जाएं। उन्होंने कहा की यदि समय पर चुनाव नही कराए गए तो ये लोकतंत्र का गला घोटने जैसा होगा।



## युवा स्वयंसेवक मुस्कान चावला ने जन्मदिवस पर किया पौधारोपण

गदरपुर(उद संवाददाता)। नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर विकासखंड गदरपुर की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मुस्कान चावला ने अपने जन्मदिवस पर पौधरोपण अभियान चलाया। मुस्कान चावला व कल्पना चावला युवा क्लब अध्यक्ष तनीषा चावला ने ग्राम बलराम नगर, रामजीवनपुर,गोपाल नगर एवं तेजा फौजा आदि में पौधारोपण कर वहां के निवासियों को भी पौधारोपण करने और वृक्षों के संरक्षण के लिए जागरूक किया। इस मौके पर चावला ने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन का सबसे बड़ा स्रोत है,जीवन का आधार हैं उनके बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है,प्रत्येक व्यक्ति को नियमित पौधारोपण और उनका संरक्षण करना चाहिए । अभियान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय बलराम नगर की प्रधानाचार्या सविता सिंह सहित तमाम ग्रामवासियों का सहयोग प्राप्त हुआ ।



## महिलाओं को स्तनपान के लिए किया जागरूक

किच्छा(उद संवाददाता)। निकट वर्ती ग्राम तुर्गा गौरी में विश्व स्तनपान दिवस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बच्चों को स्तनपान कराने से होने वाले फायदों की जानकारी दी गई। स्तन पान की जानकारी देते हुए आंगनवाड़ी संचालिका ने बताया कि मां द्वारा अपने बच्चे को स्तनपान कराने से बच्चे के अंदर बीमारियों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है तथा स्तनपान कराने से महिलाओं को कैंसर होने की संभावना भी नहीं के बराबर होती है। इसलिए प्रत्येक महिला को अपने बच्चों को स्तनपान अवश्य कराना चाहिए। जानकारी देते हुए बताया गया कि सिजेरियन के 6 घंटे के बाद मां को अपने बच्चे को स्तनपान अवश्य कराना चाहिए। कामकाजी माता भी अपनी दिनचर्या में बदलाव कर सकती हैं तथा समय-समय पर अपने बच्चों को स्तनपान कराएं और राष्ट्र के लिए स्वस्थ बच्चों का निर्माण करें।उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि पुरुष महिलाओं के इस कार्य में सहयोग अवश्य करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से नसरीन रूबी, सुनीता, सीमा, लक्ष्मी, चांदनी, शांति, मीनू आदि उपस्थित थे।



## राजपुरा क्षेत्र की समस्याएं उठायी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।तहसील कार्यालय में आयोजित तहसील दिवस में यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू की अगुवाई में राजपुरा के लोगों ने विभिन्न समस्याओं को उठाया। साहू ने पांच सूत्रीय समस्याओं का ज्ञापन प्रभारी अधिकारी को सौपकर कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन में आवारा पशुओं के बढ़ते प्रकोप से निजात दिलाने, राजेन्द्र नगर में वार्ड 12 में बन्द पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने,राजेंद्र नगर राजपुरा की विभिन्न गलियों सीवर लाईन का निर्माण करने, राशन कार्ड बनाने, आय प्रणाम पत्र, जाति प्रणाम पत्र मागे जाने पर रोक लगाने व मच्छर मखियों के बढ़ते प्रकोप से निपटने को कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव की मांग की गई है। हेमन्त साहू एसडीएम को बताया कि राजपुरा में सीवर लाईन के निर्माण की वर्षो से मांग की जा रही है। इस मौके पर सचिन राठौर, मयंक गोस्वामी, मोनू चौहान, काजल आर्या, कमलेश आर्या, बबिता देबी आदि मौजूद थे।



## बच्चों ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन दुर्गा माता मंदिर वार्ड 32 बनभूलपुरा इंदिरा नगर में आयोजित सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ में 12 साल की बच्ची ने किया हनुमान चालीसा के पाठ के तत्पश्चात राम नाम का जाप 108 बार सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक किया। उसके बाद जिस बच्चे ने हनुमान चालीसा गाकर सुनाया उसको उपहार स्वरूप एक पेंसिल सेट दिया गया। बच्चे हनुमान चालीसा पाठ सीखने व सुनाने के प्रयास में लगे हैं। बच्चों में हनुमान चालीसा याद करने की प्रेरणा जागृत हो रही है।



## ग्रामीणों को पौधे वितरित किये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।धर्मपुर गांव में उद्यान निरीक्षक श्रीमती कविता भाटिया जी पर्यवेक्षक कपिल देव सिंह, ग्राम प्रधान सर्वजीत कौर द्वारा ग्रामीणों को नि:शुल्क पौधे वितरित किये। इस दौरान कविता भाटिया ने बताया कि पौध हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है यह पौधे आपको छाया भी देंगे और आपके स्वास्थ्य के लिए फल भी देंगे जब आप पौधे लगाएंगे इनकी देखभाल करना आपकी जिम्मेदारी है। सभी ग्रामीणों ने पौधे लिये और खुशी से अपने घरों में पौधे लगाये। ग्राम प्रधान सरबजीत कौर, सुचेतना संस्था के बाल ग्रुप और किशोरी ग्रुप को भी पौध दिए गए साथ में ही समूह की महिलाओं को भी उन्होंने पौधे वितरित किये गये।



## राज्य आंदोलनकारी ललिता देवी का निधन


किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राजनिर्माण आंदोलनकारी श्रीमती ललिता देवी का लंबी बीमारी के चलते सुशीला तिवारी अस्पताल मे इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से तमाम आंदोलन करियों में शोक की लहर दौड़ गई। सभी ने अपनी शोक संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत के परिजनों को इस कष्ट को सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।आंदोलनकारी श्रीमती ललिता देवी का पार्थिव शरीर हलद्वानी से किच्छा स्थित उनके घर ग्राम तुर्का गोरी लाया गया। जहां निकटवर्ती शमशान घाट में उनका दाह संस्कार किया गया।शोक संवेदना प्रकट करने वालों में मुख्य रूप चंदन पांडे, कैलाश चंद्र,राजू कश्यप,सूरजपाल सागर, सन्तोष सक्सैना,संजीव कुमार, त्रिलोक सिंह नेगी,आदि मुख्य रूप से थे।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# 'धड़ल्ले' से बिक रहा 'मीठी मौत' का सामान

**लोगों की सेहत पर सरकार की गफलत, विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा निर्देशों को किया दरकिनार**

**हानिकारक शुगर फ्री उत्पादों की निर्बाध बिक्री पर उदासीन,जन स्वास्थ्य पर मंडरा रहा बड़ा खतरा**







-अर्श-

रूद्रपुर। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा आर्टिफिशियल स्वीटनर अथवा नॉन शुगर स्वीटनर को जन सामान्य की सेहत के लिए हानिकारक घोषित किए जाने के ढाई माह बाद भी ,केंद्र सरकार सहित देश के तमाम राज्यों की सरकारें और उनके स्वास्थ्य विभाग हरकत में आने के बजाय हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। नतीजतन समूचे भारत सहित उत्तराखंड के तमाम छोटे -बड़े शहरों तथा गांवों एवं कस्बों में आर्टिफिशियल स्वीटनर्स की टेबलेट एवं नॉन शुगर स्वीटनर्स के इस्तेमाल से तैयार डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों एवं विभिन्न शीतल पेय की बिक्री बेरोकटोक जारी है। बात अगर रुद्रपुर की करें तो शहर के सभी बड़े शॉपिंग मॉल्स से लेकर गली मोहल्लों की तमाम छोटी-बड़ी किराने की दुकानों एवं जनरल स्टोर्स में नान शुगर स्वीटनर्स के इस्तेमाल से तैयार कुकीज एवं शुगर फ्री शीतल पेय सहज ही उपलब्ध हैं और आमजन इसे मोटापा कम करने एवं वजन घटाने तथा डायबिटीज की संभावना को कम करने का एक कारगर उपाय समझ कर,मीठी मौत के इस सामान का भरपूर उपभोग कर रहे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य तो यह है कि जन सामान्य द्वारा शुगर फ्री उत्पादों को सेहत का खजाना जानकर मानकर मीठी मौत को आमंत्रण देने के इस समूचे सिलसिले पर सरकारी तंत्र की आंखें पूरी तरह बंद है और सरकार का स्वास्थ्य नियामक तंत्र, आर्टिफिशियल स्वीटनर्स तैयार उत्पाद के उपभोग को हतोत्साहित करने के उपाय करना तो दूर ,आज तक इस संबंध में कोई एडवाइजरी तक जारी नहीं कर सका। याद दिलाना होगा कि विश्व स्वास्थ संगठन ने 15 मई 2023 को एक दिशा निर्देश जारी करते हुए लोगों को आगाह किया था कि उन्हें नान शुगर स्वीटनर्स के निरंतर इस्तेमाल से बचना चाहिए ,क्योंकि इस कृत्रिम मिठास से शरीर के बढ़ते वजन और मोटापे को नियंत्रित करने के साथ वजन सम्बन्धी बीमारियों को नियंत्रित करने में कोई खास मदद नहीं मिलती ,बल्कि गैर-शक्कर युक्त मिठास के लम्बे समय तक सेवन से अनचाहे असर पैदा होने की आशंका बढ़ जाती है। जिसका नतीजा टाइप टू डायबिटीज, हार्ट तथा रक्तवाहिकाओं संबंधी रोगों के साथ अन्य कई बीमारियों के रूप में सामने आ सकता है, जोकि समय से पहले मौत की वजह भी बन सकती हैं। गौरतलब है कि नॉन स्वीटनर्स ऐस्पार्टेम, इस्सेल्फेम पोटेशियम, एडवेंटेम, साइक्लामेट्स, नियोटेम, सैक्रीन, सुक्रालोज, स्टेविया आदि नामों से खुले बाजार में सहज ही उपलब्ध है तथा जन सामान्य द्वारा इन्हें न्यून कैलोरी वाला अथवा कैलोरी रहित मानकर चाय, कॉफी आदि में इसका सेवन किया जाता है। जबकि वास्तव में यह पूर्णतया कैलोरी रहित नहीं होते और कई प्रकार के केमिकल के उपयोग के द्वारा तैयार किए जाने के कारण, प्रायः सभी नॉन शुगर स्वीटनर्स के कुछ ना कुछ साइड इफेक्ट भी होते हैं।लिहाजा सरकारी तंत्र को चाहिए था कि वह जन स्वास्थ्य के मद्देनजर आर्टिफिशियल स्वीटनर्स के उपभोग को हतोत्साहित करने की दिशा में, जन जागरूकता अभियान चलाए जाने जैसे कोई कदम उठाता और जन सामान्य को जानलेवा बीमारियों का शिकार होने से बचाता।मगर दुर्भाग्यवश समूचा सरकारी तंत्र अभी तक गहरी नींद में है।

# नैनीताल के होटल में महिला यात्री का शव मिलने से हड़कंप,पति फरार



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल के तल्लीताल स्थित एक निजी होटल में गत शाम एक महिला यात्री का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जबकि उसके साथ आया पति मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर मौके का सूक्ष्म निरीक्षण कर शव को अपने कब्जे में लिया और पंचनामा भर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। होटल प्रबंधन द्वारा बताया गया कि मृतक महिला इरम और फरार मो. गुलजार के परिवार के लोग रेग्युलर गेस्ट के रूप में बीते पांच वर्षों से आते रहते थे। ये लोग वर्ष में कई कई बार नैनीताल घूमने आते थे। सोमवार को शाम पांच से छह बजे के बीच ये दोनों मोटरसाइकिल से पहुंचे। मुरादाबाद निवासी पर्यटक मो. गुलजार की आईडी ली गई। मो.गुलजार लाल बुलेट मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी 32 वर्षीय इरम खान के साथ आया था। सवेरे गुलजार ने अपनी पत्नी की तबियत खराब होने की बात कही और अच्छे डॉक्टर के लिए पूछा। इसके बाद उसने होटल प्रबंधन से कहा कि उसके बड़े भाई गाड़ी लेकर आ रहे हैं। आज दोपहर दो बजे मो.गुलजार को फोन किया गया जो बन्द आया। इसके बाद चिंतित होटल वालों ने इंटरकॉम से कमरे में संपर्क किया जो नहीं उठा। अंत में कमरा खटखटाने के बावजूद कमरा नहीं खोलने पर शक हुआ और पुलिस को जानकारी दी गई। ड्यूप्लिकेट चाबी से कमरा खोला गया और अंदर महिला इरम का शव मिला। शाम हुई इस वारदात के बाद शहर में सनसनी फैल गई। मो.गुलजार अपनी बुलेट के साथ फरार मिला और उसका नंबर भी बन्द आ रहा था। पुलिस टीम के साथ मामले में फोरेंसिक टीम ने भी बारीकी से जांच की। मौके पर सीओ.एल विभा दीक्षित, तल्लीताल एसओ रोहिताश सिंह सागर समेत कई अधिकारी पहुंचे। सीओ विभा दीक्षित ने बताया कि महिला अपने पति के साथ आई थी। महिला के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्ट मॉर्टम के लिए भिजवाया गया है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद मत्यु के कारणों की जानकारी मिल पाएगी।


गुरू मां

GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?

आधार लाये,
उधार ले जायें...

0% BAJAJ FINSERV

UP TO 50% OFF

सबसे ज्यादा कैशबैक

0% ब्याज मुक्त फाइनेंस

खरीदारी के दिन डिलीवरी

Guru Maa Enterprises

हल्द्वानी: तिकोनिया मो- 9837077682, चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666, पिली कोठी मो- 9997207007

रुद्रपुर: काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9668869000

काशीपुर: चीमा चौराहा मो-7455045084, रामनगर रोड मो-9917161111

गदरपुर: गुरूनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# दीवाना तेरा आया बाबा तेरे मंदिर में

## श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में सजा श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार

दिनेशपुर( उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार श्रीबालाजी मंदिर, दिनेशपुर में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार काशुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज मंगलवार है महावीर का वार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल जी का भक्तो द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्यस्वागत किया गया। महंत जी ने मनवा होजा दीवाना रे श्री बालाजी के चरणो में आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसकेपश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखलामें शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, बिट्टू अरोरा ने मेरे प्रेतराज सरकार, आयुषअरोरा ने मेरी कुटिया के भाग जाग जायेंगे, अजय जायसवाल ने दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार, हरि चरण सिंह ने जो प्रेम से बोलेगाबाबा का जयकारे, रोहन भटनागर ने दीवाना तेरा आया बाबा तेरे मंदिर में, पवन खेड़ा जरा



घूमने तो घाटे चलिये, विपुल कुमार ने करोबेड़ा पार हमारा, सुनील कुमार ने लगन तुमसे लगा बैठे, संजीव कुमार ने भोले बाबा ने ऐसा बजाया डमरू, सुरेश मित्तल ने बजरंग बलीजिसने तेरा नाम पुकारा है, महेंद्र बंसल ने ऐ बालाजी घाटे वाले हम सब पर उपकार करो, विशाल मदान ने करो भरोसा बालाजी पर बनेंगेबिगड़े काम, अंकित जोशी ने सीताराम सीताराम, गुरमेल सिंह ने हे शंभु बाबा मेरे भोलेनाथ, नितिन रस्तोगी ने चोला चमके बाबा काचोला चमके आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्रीबालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरणकिया गया। इस अवसर पर पंडित दिनेश पाठक, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, अजय जायसवाल, बिट्टू अरोरा, खरैत कुमार, हरिचरण सिंह, शिव कुमार, लवी अरोरा, धर्मवीर चौधरी, सन्नी नारंग, हरीश कुमार, अमन श्रीवास्तव, राजू सैनी, आयुष अरोरा, अंशअरोरा, भारत शर्मा, सत्यम जयसवाल, शंकर विश्वास, शिवम् कुमार, संजय चंद्रा, परमजीत, राजपाल सूंघ, दीपु सैनी, प्रतीक मौर्या, सन्नी नारंग, सोनू कक्के, नोनी ग्रोवर, काली ग्रोवर, रामनारायण मिश्र, नीरज रस्तोगी, कीमती लाल, सचिन रस्तोगी, धीरज रस्तोगी, अमित अग्रवाल, माधव खुराना, संदीप अग्रवाल, उमेश कुमार, वैभव ग्रोवर, गौरव शर्मा, बँटी कालरा, वेदप्रकाश श्रीवास्तव, विनयश्रीवास्तव, हरीश श्रीवास्तव, उदय रस्तोगी, केवल पाठक, शुभम् रस्तोगी, बबलू रस्तोगी, अंटू रस्तोगी, पवन अरोरा, सुरेश मित्तल, दीपकघई, मनीष गोयल, विपुल कुमार, शिवम् अरोरा, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैकड़ों भक्त मौजूद थे।






# अधिवक्ताओं ने किया अनिश्चित कालीन कार्य बहिष्कार का ऐलान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला बार एसोसिएशन ऊधमसिंह नगर के बैनर तले जिला न्यायालय के अधिवक्ताओं ने अनिश्चित कालीन के लिए कार्य बहिष्कार का ऐलान किया। जिला न्यायालय परिसर स्थित अधिवक्ताओं के चेंबरों की विद्युत आपूर्ति मंगलवार को बंद कर दिए जाने के विरोध में अधिवक्ताओं द्वारा कड़ा ऐतराज जताते हुए भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति बंद करने पर विरोध जताया। जिला बार एसोसिएशन को सचिव सुशीला मेहता द्वारा जारी सूचना में अधिवक्ताओं के चेंबर में विद्युत आपूर्ति शुरू होने तक अधिवक्ताओं द्वारा सामूहिक अवकाश पर रहने का निर्णय लिया गया है। ज्ञात हो कि जिला न्यायालय स्थित बार भवन में अधिवक्ताओं के चेंबरों में विद्युत की आपूर्ति जिला न्यायालय की स्थापना के समय से की जा रही है। अधिवक्ताओं के चेंबर निर्माण के उपरांत अलग से कनेक्शन लेने को कहा जा रहा है जिसके लिए अधिवक्ताओं द्वारा आवेदन किया जा चुका है जो विद्युत विभाग स्तर पर लंबित है लेकिन आज विद्युत आपूर्ति बंद होने से अधिवक्ताओं के कंप्यूटर, प्रिंटर, पंखे आदि बंद होने से अधिवक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# कांग्रेसियों ने किया यशपाल आर्य का जोरदार स्वागत

किच्छा (उद संवाददाता)।नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का किच्छा आगमन पर सैयद बाबा मजार के सामने दर्जनों कांग्रेस जनों ने फूल माला से बसाने की व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए थी। उक्त लोग 20 से 40 साल से वहां रहे रह थे। यह कार्यवाही सुनियोजित तरीके से धनाढ्य लोगों के साथ रहते थे उन बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। आज स्कूल के बच्चों को शिक्षा गण करने से वंचित होना पड़ रहा है। इस अवसर पर नेता प्रवक्ता उत्तराखंड कांग्रेस डॉ गणेश उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष रुद्रपुर सीपी शर्मा, प्रदेश महामंत्री हरीश पनेरु, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार बजाज





स्वागत किया और खुर्पियां ग्राम सभा के उजाड़े गये 130 व्यवसायी व परिवारों को पुनर्वासित करने की मांग की। कांग्रेसजनों ने कहा कि उजाड़ने से पूर्व इशारे पर की गयी है। गरीब लोगों को अतिक्रमण नाम पर उजाडा गया है। जो व्यवसाई इस व्यवसाय से अपने परिवार को पालते थे तथा परिवार के प्रतिपक्ष ने कहा कि आने वाले विधानसभा सत्र में इस मामले को पुरजोर ढंग से उठाए जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा ,प्रदेश ,संजीव कुमार सिंह ,राजेश प्रताप, छोटू संदीप चीमा ,सुनील खेड़ा, सुनील आर्य, प्रेम ,इम्तियाज, अहमद शिबू आदि कई दर्जन कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वारंटयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।के थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा विगत लंबे समय से फरार तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शाहरूख उर्फ चेटा मलिक पुत्र अमीर हुसैन निवासी इन्द्रानगर बरसाती, बनभूलपुरा, नदीम पुत्र मौ.अनीस निवासी चैनल गेट के पास इन्द्रानगर, बनभूलपुरा तथा आमिर हुसैन पुत्र शमशाद हुसैन निवासी इन्द्रानगर ठोकर छोटी रोड बनभूलपुरा अलग अलग मामलों में



पिछले काफी समय से फरार चल रहे थे। सभी को उनके विभिन्न ठिकानों से पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी,उनि शंकर नयाल, का. मुन्ना सिंह, भूपेन्द्र जेष्ठा, दिलशाद अहमद व मौ. यासीन शामिल थे।

# बिछुड़ी बालिका को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने परिजनों से बिछुड़ी पांच वर्षीय बालिका को सकुशल ढूंढकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार एक अगस्त को राहगीरों द्वारा थाना काठगोदाम को डायल 112 के माध्यम से सूचना दी गई कि रानीबाग क्षेत्र अंतर्गत एक बालिका तन्नू उर्फ तेजस्विनी जोशी उम्र 5 वर्ष काठगोदाम रानीबाग क्षेत्र अंतर्गत रोड में मिली है जिसके परिजन उसके साथ में नहीं है और बालिका अपने नाम के अतिरिक्त अपने माता–पिता एवं घर का एड्रेस नहीं पता पा रही है। सूचना पर थानाध्यक्ष काठगोदाम प्रमोद पाठक के दिशा निर्देशन में प्रभारी मल्ला चौकी काठगोदाम उपनिरीक्षक फिरोज आलम व सहकर्मियों द्वारा त्वरित कार्यवाही



करते हुए उक्त बालिका को अपने संरक्षण में लेकर बालिका के परिजनों के बारे में जानकारी करते हुए महज 1 घंटे के भीतर उसके परिजनों को ढूंढकर परिजनों से बिछड़ी हुई बालिका को सकुशल सुपुर्द किया गया। बालिका के सकुशल मिलने पर परिजनों द्वारा स्थानीय पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

# मांगों को लेकर बीमा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एलआईसी के कर्मचारी, अधिकारी एवं पेंशनर संगठनों के संयुक्त मोर्चे द्वारा भाजीबीनि के मंडल कार्यालय एवं सरस मार्केट स्थित कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर गेट सभा की गई। जिसमें प्रमुखता से फैमिली पेंशन को वर्तमान 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने, पेंशन को वेतन पुनर्निर्धारण होने पर अपग्रेड करने, निगम में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नई भर्ती करने, अगस्त 2022 से देय वेतन पुनर्निर्धारण पर शीघ्र वार्ता प्रारंभ करने, एनपीएस में प्रबंधन की भागीदारी को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने और कर्मचारियों के मेडिक्लेम प्रीमियम से जीएसटी वापस लेने जैसे ज्वलंत मांगो का समर्थन किया गया। वक्ताओं ने बताया कि फैमिली पेंशन सार्वजनिक बैंको, रिजर्व बैंक में पहले ही 30 प्रतिशत हो चुकी है और एलआईसी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा भी इसे 4 वर्ष पूर्व ही सहमति दी जा चुकी है। फिर भी वित्त मंत्रालय में इसे अनावश्क रूप से रोक कर रखा



गया है। निगम में लगभग 2600 तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की कमी हो चुकी है फिर भी नई भर्तियां लंबित हैं। बीमाधारकों को बेहतरीन सेवा प्रदान करने के लिए नई भर्तियां अति आवश्यक हैं। सभा को बीकेएसएचडी के महामंत्री डीके पांडे, प्रथम श्रेणी अधिकारी संगठन के अध्यक्ष संजय पाठक, पेंशनर संगठन (एचडीआईपीए)के अध्यक्ष जेके जोशी एवं भानु प्रकाश उपाध्याय ने संबोधित किया। प्रदर्शन करने वालों में आरएस डोगरा, पूरन सिंह बिष्ट, अशोक कश्यप, पंकज त्रिपाठी, मोहन चंद, विजय अधिकारी, देवेश रौतेला, हेमंत कुमार, रविन्द्र, हिमांशु , अशोक कुमार, उमेश चंद्र, हरीश सिजवानी, जेपी पंत, किरन टम्टा, विमला जोशी, कनिका शाही, शीला जोशी, निर्मला, कमला, रूपा भट्ट, प्रेरणा नेगी शामिल रहे।

# घनश्याम वर्मा देवभूमि उद्योग व्यापार के प्रदेश संयुक्त मंत्री मनोनीत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।लंबे समय तक देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष रहे घनश्याम वर्मा को संगठन ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश संयुक्त मंत्री मनोनीत किया है। गुरुनानक मार्केट प्रदेश कार्यालय मे इसकी घोषणा कर घनश्यामवर्मा का स्वागत किया गया। घनश्याम वर्मा ने अपने मनोनयन पर संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह हमेशा व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करते रहेंगे। घनश्याम वर्मा के प्रदेश संयुक्त मंत्री बनाए जाने पर संस्थापक अध्यक्ष हुकम



सिंह कुंवर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल ने बधाई दी है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी ने प्रदेश संयुक्त मंत्री बनने पर घनश्याम वर्मा को बधाई दी और नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल से यह अपेक्षा की महानगर व्यापार मंडल इकाई व्यापारियों की समस्याओं के लिए संघर्ष कर समस्याओं का समाधान करने का हर संभव प्रयास करेंगी। घनश्याम वर्मा के प्रदेश संयुक्त मंत्री मनोनीत होने पर प्रदेश कार्यालय मे महानगर इकाई ओर से माला पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी जगमोहन सिंह चिलवाल, प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल, महामंत्री नेत्र बल्लभ जोशी, हरीश पांडे, रमेश उपाध्याय, अमित बुढ़लाकोटी, माधो सिंह देवपा, संतोष गौड़ आदि मौजूद थे।

# शिव प्रकाश के जन्मदिन पर दिव्यांग बच्चों को बांटे स्नैक्स

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश के जन्मदिन पर सुभाष नगर में दिव्यांग बच्चों को स्नैक्स वितरण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष प्रताप रैकवाल, जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा महेंद्र कश्यप, जिला आईटी सह संयोजक मनीष पाल, जिला महामंत्री ओबीसी नन्हे कश्यप, वीरेंद्र जायसवाल, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुशील साहू, नगर महामंत्री संतोष



जायसवाल, आकाश गुप्ता, अजय गुप्ता, वीरेंद्र साहू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सामुदायिक हिंसा की जांच

मणिपुर का मामला दरअसल, राज्य सरकार की लापरवाही और केंद्र सरकार की शिथिलता का नतीजा है। मणिपुर मामले में एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए केंद्र और राज्य सरकार से स्थिति रिपोर्ट मांगी है। राज्य की कानून व्यवस्था पर कई कड़े सवाल किए हैं, जिनका जवाब देना राज्य प्रशासन के लिए आसान नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि जो खो गया, वह खो गया, मगर अभी सवाल लोगों में विश्वास बहाली का है। इसके लिए सरकार क्या कर रही है, उसका ब्योरा दे।मामला केवल दो महिलाओं का नहीं है, ऐसी अनेक महिलाओं का वहां उत्पीड़न हुआ है, उनका क्या विवरण है। उन दो महिलाओं की प्राथमिकी दर्ज करने में चौदह दिन क्यों लग गए, जिन्हें निर्वस्त्र करके घुमाने का वीडियो प्रसारित हुआ और प्रशासन तभी हरकत में क्यों आया, जब वह वीडियो प्रसारित हो गया। सरकार की तरफ से पेश वकील ने कहा कि छह हजार प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं, तब अदालत ने पूछा कि उनमें से कितनी प्राथमिकियां महिलाओं के साथ हुए अत्याचारों से जुड़ी हैं।इसका कोई स्पष्ट उत्तर सरकार के पास नहीं था। हालांकि दोनों महिलाओं से जुड़े मामले की जांच सीबीआइ ने अपने हाथ में ले ली है, मगर सर्वोच्च न्यायालय मणिपुर में हुई ऐसी तमाम घटनाओं की जांच के पक्ष में है और वह इसके लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित करने पर विचार कर रहा है। केंद्र सरकार ने कहा है कि अगर सर्वोच्च न्यायालय अपनी निगरानी में जांच कराना चाहता है, तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। मणिपुर का मामला दरअसल, राज्य सरकार की लापरवाही और फिर केंद्र सरकार की शिथिलता का नतीजा है। अगर सरकारों ने इस मामले पर काबू पाने की कोशिश की होती, तो कोई कारण नहीं कि यह इतने लंबे समय तक चलता रहता और वहां करीब दो सौ लोगों की जान चली जाती, हजारों लोगों को बेघर जिंदगी गुजारने पर मजबूर होना पड़ता। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यह मत कहिए कि वहां एक समुदाय के खिलाफ हिंसा हुई, संदेश यह जाना चाहिए कि वहां एक भी समुदाय के खिलाफ हिंसा से कड़ाई से निपटा जाएगा। लोगों में संविधान के प्रति भरोसा पैदा करना बहुत जरूरी है। दरअसल, मणिपुर में पिछले करीब तीन महीने से हिंसा और आगजनी की घटनाएं हो रही हैं, मगर इस पर पूरी दुनिया में कठोर निंदा का सिलसिला तब शुरू हुआ, जब दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने का वीडियो प्रसारित हुआ। इस तरह मणिपुर में चल रही सामुदायिक हिंसा को कई लोगों ने उस वीडियो तक सीमित कर दिया है, जबकि पूरी हिंसा को लेकर ढेर सारे सवाल हैं। अब अनेक तथ्य प्रकट हैं, जिनसे राज्य सरकार की शह और केंद्र सरकार की उदासीनता उजागर होती है। शस्त्रागार से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस आदि लूट लिया जाना और सरकारों का इस पर हाथ पर हाथ धरे बैठे रहना कई सवाल खड़े करता है। विपक्षी दलों ने इन तमाम सवालों को लेकर संसद में जवाब मांगा है, उनके प्रतिनिधि मणिपुर हो आए हैं। अब सर्वोच्च न्यायालय ने जो सवाल पूछे हैं और उच्चाधिकार प्राप्त समिति से इन घटनाओं से संबंधित जांचों पर निगरानी रखने की बात कही है, उससे राज्य सरकार की लापरवाहियों, पक्षपात और हिंसा को नजरअंदाज करने के तथ्य और स्पष्ट हो सकेंगे। मणिपुर की घटना ने केंद्र सरकार को भी सांसत में डाल दिया है, पूर्वोत्तर के लोगों का भरोसा डिगा है। वहां के दूसरे राज्यों में भी तनाव की आशंका है।

# वनों का विकास और वन्यजीवों की सुरक्षा आवश्यक: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को एफआरआई में केन्द्रीय अकादमी राज्य वन सेवा, देहरादून के 35 वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्रियाकलापों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। उत्तरप्रदेश की संवेदना चौहान को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने परिसर में लगी फोटो गैलरी का भी अवलोकन कर उसकी प्रशंसा की। इस अवसर पर राज्यपाल ने केन्द्रीय अकादमी के विभिन्न प्रकाशनों का विमोचन भी किया। 35वें राज्य वन सेवा के (वर्ष 2021-23) दो वर्षीय प्रवेश पाठ्यक्रम बैच में राज्य वन सेवा के कुल 33 अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस बैच में पांच राज्यों, जिनमें उत्तरप्रदेश के 18, पश्चिम बंगाल के 08, मेघालय के 04, महाराष्ट्र के 01 और नागालैण्ड के 02 राज्य वन सेवा के अधिकारी शामिल रहे। बैच में कुल 08 महिला अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने अधिकारियों और उनके परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप सभी ऐसे समय में वन सेवा में सम्मिलित हुए हैं जब भारत अमृतकाल के दौर में प्रवेश कर चुका है, ऐसे में आपकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि आप सभी लगभग तीन दशकों तक देश एवं प्रदेश की सेवा करेंगे, यह समय आपके संकल्प और नए भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने विश्वास जताया की सभी वनाधिकारी राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देंगे। उन्होंने जोर दिया कि प्राकृतिक संरक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार की परिस्थितियों का सामना करते हुए देश एवं मानवता के लिए आत्मीयता से कार्य करना है। राज्यपाल ने कहा कि वन एवं वन संपदा हमारी आर्थिक प्रगति और विकास का जरिया बन सकता है इसमें वन विभाग से जुड़े अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा पेशा है, जहां हमें वन्य जीवों की रक्षा और सुरक्षा का ध्यान रखने का अवसर मिलता है, साथ ही विभिन्न जैव उत्पादों के माध्यम से देश की आर्थिक प्रगति में योगदान दिया जा सकता है। वन सेवा हमारे पर्यावरण की रक्षा और पारिस्थितिकी सुरक्षा में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। राज्यपाल ने कहा कि आज जब पर्यावरण और पारिस्थितिकी असंतुलन से पूरा विश्व चिन्तित है ऐसे में वन विभाग और वनाधिकारियों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। आप सब जानते ही हैं कि किस प्रकार से विश्व के पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने में वनों का एक बहुत बड़ा योगदान है। जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग की चिन्ताओं से मुक्ति के लिए वनों का विकास और वन्यजीवों की सुरक्षा बहुत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि वनाधिकारी इस दिशा में अवश्य ही प्रभावी कदम उठाएंगे। दीक्षान्त समारोह में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून के निदेशक भारत ज्योति ने भी अधिकारियों को सम्बोधित किया और उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एफआरआई की निदेशक डॉ रेनू सिंह, महानिदेशक भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद अरुण सिंह रावत, निदेशक वन शिक्षा निदेशालय देहरादून अनुराग भारद्वाज, अपर महानिदेशक केन्द्रीय क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन पंकज अग्रवाल, प्रमुख वन संरक्षण एवं उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड अध्यक्ष डॉ.समीर सिन्हा, अपर निदेशक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी सुशील अवस्थी, प्रधानाचार्य केन्द्रीय अकादमी राज्य वन सेवा श्रीमती मीनाक्षी जोशी, परीक्षा नियंत्रक प्रदीप वाहुले, कोर्स निदेशक अमलेंदु पाठक के अलावा वन सेवा के अन्य अधिकारीगण और प्रशिक्षु अधिकारी व उनके परिजन उपस्थित रहे।



## महाविद्यालय में कैंप लगाने के लिए दिया ज्ञापन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।राजकीय महाविद्याल सितारगजं में नवीन प्रवेश प्रारंभ हो गया हैं। प्रवेश के लिए छात्रों को दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। कई छात्र-छात्राओं के आय, जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाए हैं। जिनके आय प्रमाण पत्र बने हुए हैं ,उनकी समय सीमा समाप्त हो गयी है। जिस कारण छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा आय जाति प्रमाण पत्र बनाने में विलंब हेतु उनके प्रवेश नहीं हो पा रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया भी बाधित हो रही है। इन सभी समस्याओ को ध्यान में रखते हुए राजकीय महाविद्यालय सितारगंज के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि राजीव यादव ने एसडीएम तुषार सैनी तथा तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी से मिलकर वार्ता की तथा उन्हें अपने महाविद्यालय सितारगंज में आय जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु एक दिवसीय कैंप लगवाने हेतु ज्ञापन प्रेषित किया।



# उच्च शिक्षा संस्थानों में बढ़ती आत्महत्यायें

इसे उच्च शिक्षा संस्थानों की विडंबना ही कहा जाएगा कि इनमें बड़ी संख्या में छात्र बीच में पढ़ाई तो छोड़ ही रहे है, आत्महत्या भी कर रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने राज्यसभा में पूछे गए प्रश्नों के लिखित उत्तर में कहा है कि 2019 से लेकर अभी तक यानी 2023 तक 32,000 छात्र उच्च शिक्षन संस्थानों में ड्रोप आउट हुए हैं। वहीं इन्हीं पांच वर्षों में इन संस्थानों में पढ़ने वाले 98 छात्रों ने आत्महत्याएं की हैं। 2023 में ही अब तक आत्महत्या की 20 घटनाएं घट चुकी हैं। इनमें देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी जैसे उच्च कोटि के शिक्षा संस्थान शामिल हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए इन खौफनाक आंकड़ों से पता चलता है कि शिक्षा संस्थान विद्यार्थियों में उम्मीदों की उड़ान पैदा करने की बजाय निराशा और अवसाद का भी माहौल रच रहे हैं। तीन साल पहले लागू हुई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उत्साहजनक असर इन संस्थानों में पड़ा हो, ऐसा एकाएक कहना मुश्किल है ? 21वीं सदी को ज्ञान की सदी की संज्ञा दी गई है। ज्ञान परंपरा और मातृभाषाओं में शिक्षा दिए जाने की बात भी खूब जोर-शोर से उठी है। शिक्षा की पूंजी से गरीब और वंचित के लिए उच्च पद, बड़ा उद्योगपति और विश्वस्तरीय तकनीकिशियन (टेक्नोक्रेट) बनने के रास्ते भी खुले है। बावजूद शिक्षा संस्थाओं से पलायन और आत्महत्या के मामले सामने आ रहे हैं तो यह चिंतनीय पहलू है। क्योंकि शिक्षा के जरिए विद्यार्थी और उसके अभिभावक जिस उपलब्धि के शिखर पर पहुंचने की परिकल्पना कर रहे होते हैं, यदि इसी बीच संभावना की मौत हो जाए, तो यह शिक्षा का अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण पहलू है। ज्ञान की महिमा ने इस भ्रम को तोड़ने का काम किया है कि शिक्षा पर जाति, नस्ल या रक्त विशेष समुदायों का ही अधिकार है। राजतंत्र में यह धारणा सदियों तक फलीभूत होती रही है कि भारत समेत दुनिया का कुलीन वर्ग नियति की देन है। जबकि वाकई यह पक्षपाती व्यवस्था की उपज रही है। ज्ञान के तंत्र ने इस भ्रामक स्थिति को तोड़ने का काम किया है। हालांकि भारतीय मनीषियों ने ज्ञान की इस शक्ति को हजारों साल पहले जान लिया था, इसीलिए कहा भी गया है कि राजा की पूजा अपने राज्य में होती है, जबकि विद्वान सब जगह पूजा जाता है। ज्ञानार्जित विद्वता की ही देन है कि आज दुनिया शिक्षा और अनुसंधान से आविष्कृत ऐसा तकनीकि संसार रच रही है, जिसमें सुविधाएं मुट्ठी में हैं और लक्ष्य अंतरिक्ष में मनुष्य को बसाने की संभावनाएं तलाश रहा है। संभावनाओं के इस द्वार पर शिक्षा परिसरों में छात्र निराशा के भंवर में मौत का लक्ष्य तय कर रहे हैं, तो यह समूची शिक्षा पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह है ? कुछ साल पहले केंद्रिय विश्वविद्यालय हैदराबाद के छात्र रोहित वेमुला और फिर तमिलनाडू के प्राकृतिक शिक्षा एवं योग महाविद्यालय की तीन छात्राओं द्वारा एक साथ आत्महत्या किए जाने के मामले सामने आए थे। कोटा और इंदौर से कोचिंग ले रहे छात्रों की खुदकुशी के मामले तो निरंतर सामने आते ही रहते हैं। देश के युवाओं की ये मौतें, संभावनाओं की मौतें हैं। ऐसे में यदि छात्र एवं छात्राओं की मौतों का यही सिलसिला बना रहता है तो देश के बेहतर भविष्य की संभावना क्षीण हो जाएगी ? ये मौतें अध्ययन-अध्यापन से उपजी परेशानियों के चलते सामने आ रही हैं। बावजूद देखने में आ रहा है कि राजनीतिक दलों के रहनुमा मौतों को केवल राजनीतिक चश्मे से देख रहे है, लिहाजा समस्या के सामाधान की दिशा में ठोस पहल होती नहीं दिख रही है। यदि आने वाले समय में छात्र आत्महत्याओं को शिक्षा के व्यापक परिदृश्य में नहीं देखा गया तो आगे इन मौतों पर विराम लग जाएगा यह कहना मुश्किल है ? देश में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च व तकनीकी शिक्षा तक शिक्षण पद्धति को लेकर अजीब भ्रम, विरोधाभास व दुविधा की स्थिति बनी हुई है। नतीजतन इनसे उबरने के अब तक जितने भी उपाय सोचे गए, वे शिक्षा के निजीकरण और अंग्रेजीकरण पर जाकर सिमटते रहे हैं। हालांकि नई शिक्षा नीति में सुधार के अनेक उपाय किए गए हैं, लेकिन उनके बीते तीन सालों में अनुकूल परिणाम नहीं निकले। इस नीति के नए आयामों में व्यावसायिक व तकनीकी शिक्षा के साथ कौशल विकास भी जोड़ दिया गया है। अपनी-अपनी मातृ भाषाओं में शिक्षा की पुरजोर पैरवी भी की गई है। इस बदलते व प्रयोगधर्मी रूप को हिंदी के प्रसिद्ध लेखक श्रीलाल शुक्ल ने बहुत पहले समझ लिया था। गोया, वे अपने उपन्यास 'राग-दरबारी' में लिखते है, 'शिक्षा प्रणाली सड़क पर बैठी बीमार कुतिया की तरह है, जिसे हर आता-जाता आदमी लात तो मारता है, किंतु किसी सुधार का प्रयास नहीं करता।' यही वजह रही कि देश में शिक्षा में आवश्यक बदलाव लाने की दिृष्ट से आयोग तो बिठाए गए,उनकी रपटें भी आईं,लेकिन उन पर अमल नहीं हुआ। लिहाजा शिक्षा प्रणाली में आदर्श व समावेशी शिक्षा के बुनियादी तत्व में शामिल करने की बजाय,शिक्षा के निजीकरण और अंग्रेजीकरण की बाध्यकारी शर्तें थोपी जाती रहीं। नतीजतन शिक्षा सफलता के ऐसे मंत्र में बदल गई है,जिसका एकमात्र उद्देश्य पैसा कमाना रह गया है। दुष्चक्र में फंसी इस शिक्षा की यही बानगियां इन आत्महत्याओं में देखने में आ रही हैं। कोटा के कोचिंग संस्थानों में निरतंत छात्रों द्वारा की जा रही खुदकुशियों की पड़ताल करने से पता चलता है कि छात्रों को अभिभावक अपनी इच्छा के अनुसार महान बनाने की होड़ में लगे हैं। केरल के रहने वाले छात्र अनिल कुमार ने आत्महत्या पूर्व लिखे पत्र में लिखा था, 'सॉरी मम्मी-पापा, आपने मुझे जीवन दिया, लेकिन मैंनें इसकी कद्र नहीं की।' यह पीड़ादायी कथन उस किशोर का था, जो आईआईटी की तैयारी में जुटा था। ये संस्थान में प्रतिभाओं को निखारने का दावा अपने विज्ञापनों में खूब करते हैं। लेकिन युवाओं को महान और बड़ा बनाने का सपना दिखाने का इस उद्योग का दावा कितना खोखला है, यह पता यहां बढ़ती जा रही आत्महत्याओं से चलता है। शिक्षा के इस उद्योग का गोरखधंधा देशव्यापी है। यहां करीब एक लाख बच्चे हर साल कोचिंग लेने के अलावा 10वीं,11वीं और 12वीं में नियमित छात्र के रूप में पढ़ने आते हैं। यहां विरोधाभास यह भी है कि नियमित छात्र के रूप में करीब 15 हजार छात्रों को ही प्रवेश मिल पाता है, बांकी के छात्र जिन शहरों से आते हैं, नियमित छात्र, उन्हीं शहरों के निजी विद्यालयों के होते हैं, लेकिन नीट व आईआईटी की कोचिंग कोटा में लेते हैं। ऐसे में गौरतलब है कि ये छात्र एक साथ अलग-अलग शहरों की दो-दो संस्थाओं में अध्ययन कैसे कर पा रहे हैं ? स्कूलों में 75 प्रतिशत हाजिरी की जो अनिवार्य शर्त है,उसकी पूर्ति कैसे हो रही है ? साफ है,परिजन शुल्क चुकाने की दोहरी मार झेल रहे हैं। कोचिंग संस्थानों को अपनी जगह फीस दे रहे हैं और जिन स्कूलों में छात्र का नाम नियमित विद्यार्थी के रूप में दर्ज है,वहां हाजिरी की खानापूर्ति के लिए अलग से धनराशि चुका रहे हैं। इस गोरखधंधे में देश के बड़े पब्लिक स्कूल शामिल है। इस विसंगति पर पर्दा इसलिए पड़ा हुआ है,क्योंकि कोचिंग संस्थान हर साल अपनी उपलब्धियों का डंका पीटने के लिए एक अरब से भी ज्यादा की धनराशि के विज्ञापन मीडिया को देते हैं। साफ है, शिक्षा के निजीकरण का यह खेल कई स्तर पर मुनाफे की बंदरबांट का मजबूत आधार बना हुआ है।इन मौतों और शिक्षा संस्थानों से पलायन की जानकारी राज्य सभा में सामने आने के बाद होना तो यह चाहिए था कि शिक्षा में जातिगत और पूंजीगत विसंगतियों को दूर करने के संयुक्त राजनीतिक उपाय सामने आते ? लेकिन प्रश्न के उत्तर के साथ ही राजनीतिक कर्तव्य की इतिश्री मान ली गई। यहां यह भी सोचने की बात है कि जो छात्र ड्रोप आउट हो रहे हैं और जो आत्महत्या कर रहे हैं, उनमें बड़ा प्रतिशत अनुसूचित जाति और जनजाति छात्रों का हैं। क्योंकि ये शिक्षा में आरक्षण और छात्रवृत्ति के उपायों के चलते संस्थानों में प्रवेश तो पा जाते हैं, लेकिन अंग्रेजी की कमजोरी के चलते जहां शिक्षकों की प्रताड़ना के पात्र बनते हैं, वहीं सहपाठियों के लिए उपहास का कारण भी बन जाते है। अंग्रेजी की अनिवार्यता के चलते उनकी स्वाभाविक योग्यता बौनी साबित होने लगती है। ऐसे में जन्मजात संस्कारों में शामिल जाति, धर्म और लैंगिक भेदों से जुड़े पूर्वग्रह परेशानी, अवसाद और उत्पीड़न का सबब बन जाते हैं। यह स्थिति तब और कठिन होती है, जब यह किसी को पता नहीं होता कि संस्थानों में कौन पढ़ा रहा है और क्या पढ़ाया जा रहा है ? शिक्षकों की यही पर्दादारी स्वस्थ्य विचार देने की बजाय, अपवाद स्वरूप कुत्सित विचार भी परोसने लगती है। जो संस्थानों में अराजक हिंसा का कारण भी बनते दिखाई दे जाते हैं। जबकि अमेरिका व अन्य यूरोपीय देशों में पाठ्यक्रम के रूप में साहित्य विषमता, गरीबी, जाति, धर्म, लैंगिक असमानता और मानवाधिकार शामिल हैं। किंतु हमारे यहां मेडिकल, इंजीनियरिंग, कंप्युटर और तकनीकी शिक्षा से ये सभी मानविकी विषय लगभग नदारद हैं। अब तो हमने केवल और केवल व्यावसायिक शिक्षा को ही जीवन की सफलता की कुंजी मान लिया है।

**प्रमोद भार्गव,लेखक, वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# भाजपा नेताओं ने सुनी लोगों की समस्याएं

खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारी सदस्य रमेश जोशी ने बग्गा कॉलोनी ,बेकरी गली , महर्षि विद्या मंदिर ,गायत्री हॉस्पिटल वाली गली में लोगों की समस्याएं सुनी एवं तत्काल प्रभाव से विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने एवं विद्युत पोलों की व्यवस्था करने एवं सफाई व्यवस्था से संबंधित समस्याओं का तत्काल प्रभाव से संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर निराकरण करने का आग्रह किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष जीवन धामी एवं नगर महामंत्री मनोज वाधवा द्वारा संचालन किया गया। बैठक में स्थानीय निवासियों द्वारा विभिन्न समस्याओं से भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश जोशी को अवगत कराया ,रमेश जोशी ने कॉलोनी के लोगों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर अधिकांश समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया एवं लोगों को विश्वास दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देती है और हमेशा भारतीय जनता पार्टी का प्रयास रहता है कि जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा सकें उन्होंने कहा कि दोनों विधानसभाओं में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अभूतपूर्व विकास कार्य की जाने का रोड मैप तैयार किया जा चुका है। भारतीय जनता पार्टी की नौसर मंडल की अध्यक्ष तनुजा बिष्ट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कैडर आधारित पार्टी है अन्य पार्टियां व्यक्तिगत आधारित पार्टियां हैं जो व्यक्ति विशेष के कहने पर काम करती हैं परंतु भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के और जनता से किए हुए वादा का पूरा करने का प्रयास करने के लिए हमेशा तैयार बैठी है । झनकट मंडल के महामंत्री सूरज धामी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी युवाओं की बढ़ती है देश के युवा भारतीय जनता पार्टी के साथ बड़ी उम्मीद से जुड़े हुए हैं और जो भी निर्णय भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व ले रहा है हम उन निर्णयों के साथ हैं संचालन करते हुए नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने कहा कि प्रत्येक दिन भारतीय जनता पार्टी जनता के बीच जाकर जनता की समस्याओं का निराकरण कर रही है एवं प्रदेश नेतृत्व को खटीमा की समस्याओं को लेकर अवगत भी करा रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नौसर मंडल की महामंत्री मंजू नेगी, झनकट मंडल के महामंत्री सूरज धामी ,मोहनी देवी ,दीपा देवी, हेमा देवी, प्रेम सिंह मेहरा ,कुंदन सिंह मेहरा, गोविंद धामी, बसंती अधिकारी ,कौशल्या धामी, आशा धामी, प्रेमा पोखरिया ,ममता धामी ,कविता दानू ,नीमा महर ,चंद्रावती खोलिया, हेमा राणा ,बसंती धामी, उषा चंद ,जितेंद्र सिंह रावत, हरिशंकर, के पी सिंह ,संतोष शर्मा ,कुंदन सिंह महर ,कारण यादव, पूनम गुप्ता,जानकी खोलिया ,सनी जिंदल, विनोद कुमार ,प्रेम सिंह ,नंदन सिंह कान्याल, अनिल जोशी, राम भंडारी ,गगन धामी, जीतू विश्वकर्मा ,हैप्पी जाटव ,कोशल्या देवी आदि नगर वासी उपस्थित थे।



# लिफ्ट के बाहर प्रसव के मामले में आयोग की अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

देहरादून (उद संवाददाता)। शनिवार को सुबह दून अस्पताल के प्रसूति विभाग में भर्ती हुई एक गर्भवती महिला की लिफ्ट के बाहर अचानक हुई डिलीवरी के मामले पर महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने सवाल उठाया है और इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि राजधानी के सबसे बड़े अस्पताल में इस प्रकार की घटना होना संवेदनहीनता है। हांलाकि महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने बताया कि वो कल अस्पताल के प्रसूति गृह में गयी थी और इसके अतिरिक उन्होंने लेबर रूम आदि का निरीक्षण भी किया तथा वहाँ उपस्थित सभी गर्भवती महिलाओं व जच्चा-बच्चा और से मिलकर उनका हाल व अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों के व्यवहार की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है नए भवन का निर्माण भी किया गया है फिर भी ऐसी लापरवाही होना गलत है। उन्होंने अस्पताल के निदेशक डॉ आशुतोष सयाना से मामले में फोन पर वार्ता भी की और पत्र लिख कर अस्पताल की व्यवस्था व कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों के व्यवहार को ठीक करने लिए निर्देश दिया है। इस मामले में डॉ आशुतोष सयाना ने बताया कि गर्भवती महिला को जब प्रसव हुआ उस समय वो अपने परिजनों के साथ बाहर बैठी थी। जब तक कोई वहां पहुँच पाते तब तक गर्भवती की डिलीवरी हो चुकी थी तभी अस्पताल में तैनात स्वास्थ्यकर्मी तत्काल महिला और बच्चे को अंदर ले गए थे और उन्हें तत्काल ही उपचार दिया गया तथा दोनों स्वस्थ है।



# भागवत कथा से पूर्व निकाली भव्य कलश यात्रा

गदरपुर( उद संवाददाता)। श्रावण माह में आयोजित की जाने वाली श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व मातृशक्ति द्वारा प्रीत विहार कॉलोनी के श्री शीतला मंदिर से आवास विकास क्षेत्र में होते हुए श्री शिव पार्वती मंदिर तक पहुंच कर 21 कलश को स्थापित किया गया । शिव पार्वती मंदिर आवास विकास में 1 अगस्त से 28 अगस्त तक श्रीमद् भागवत कथा का मंदिर में आयोजन किया गया है जिसमें पंडित राजीव गौतम द्वारा प्रतिदिन सायंकाल 3 से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का उच्चारण किया जाएगा । कलश यात्रा में श्रद्धालुओं द्वारा पावन श्रीमद् भागवत सिर पर धारण करके तथा मातृशक्ति ने कलश अपने सिर पर सजाते हुए अपनी धार्मिक आस्था प्रकट की । इस मौके पर श्री शिव पार्वती मंदिर कमेटी के महामंत्री सतीश छाबड़ा,कोषाध्यक्ष रमन छाबड़ा,सभासद मनोज गुंबर,सतीश मिड्ढा,संजीव झाम,योगेश कुमार ,रोहित कुमार, संजीव अरोरा के अलावा मातृशक्ति दीपा राणा,सोनम कोचर,पूजा,संध्या गोयल,शीतल कालरा,मानसी, नेहा पहुजा ,प्रीति, कल्पना गौतम,अनीता गंभीर, तारा देवी,रिया, शीला,रेनू, रजनी, कृष्णा भुड्डी, हिमांशी ,इंदू मेहरा, भावना पांडे, विमला विष्ट,किरण, बसंती, हेमा ,संध्या ,वर्षा बत्रा, पूजा रल्हन सपना कार्की, उर्मिला, संतोष, नीलम रानी ,सपना ग्रोवर, रिया गुंबर सहित तमाम श्रद्धालु शामिल रहे ।





# 850 रूपये के विवाद में हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। मात्र 850 रूपये के लेन-देन पर हुए विवाद में एक युवक की निर्मम हत्या करने पर तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मीना देउपा ने हत्यारे को आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा ने बताया कि बाजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हरसान असकोट निवासी सोबन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके चचेरे भाई खड़क सिंह ने ललित मोहन पन्त के 850 रूपये देने थे । 22सितम्बर2019 को प्रातः करीब 9 बजे रूपये लेनदेन को लेकर उनके बीच विवाद हुआ था उस समय वहाँ पर ललित का दोस्त दारा सिंह पुत्र रामलाल भी था जिसके साथ जमकर तू तू मैं-मैं भी हुयी थी, उस समय तो लोगों ने बीच बचाव कर दिया था । शाम करीब 3-30 बजे जब खड़क सिंह गॉव में ही मोहन सिंह बिष्ट की किराने की दुकान के बाहर बैठा था तभी दारा सिंह ने वहाँ आकर उस पर पाटल व कुल्हाडी से हमला कर दिया । गंभीर रूप से घायल खड़क सिंह को बाजपुर चिकित्सालय ले जाया गया उसकी नाजुक हालत देखते हुए डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया जिस पर परिजन उसे लेकर राम मूर्ति मेडिकल कॉलेज बरेली कर ले गये जहाँ इलाज के दौरान उसकी दुखद मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी दारा सिंह को 23 सितम्बर 2019 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।उसके विरुद्ध तृतीय अपरजिला एवं सत्र न्यायाधीश मीना देउपा की कोर्ट में मुकदमा चला जिसमें एडीजीसी लक्ष्मीनारायण पटवा ने 10 गवाह पेश कर हत्या का आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद मंगलवार की शाम एडीजे मीना देउपा ने दारा सिंह को हतयारा घोषित करते हुए उसे आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।

# उदयीमान खिलाड़ियों की चयन प्रतियोगिता आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित एक समारोह में चयनित उदयीमान खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री उदयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत 8 से 14 वर्ष आयु तक केबालक बालिकाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह छात्रवृति देते जाने हेतु जनपद स्तर पर प्रत्येक आयु वर्ग में कुल 300



बालक बालिकाओं का चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि रमेश चन्द्र आर्य, मुख्य शिक्षाधिकारी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप निदेशक खेल, देहरादून सुरेश चंद्र पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि भूपेन्द्र सिंह रावत जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकरी थे। प्रतियोगिता के संचालक गिरीश कुमार, प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी लक्ष्मण सिंह टाकुली, राजेन्द्र सिंह भाकुनी, कमल किशोर सक्सेना, सुरेश बिष्ट, रघुवीर सिंह, मोहित सिंह मनोज सिंह, श्रीमती सुधा जोशी, सतनाम माला, रघु कुमार रावत, आशीष आदि थे। उक्त प्रतियोगिता में भी फैला दे अनिल कुमार, महेन्द्र कुमार, गोविन्द राम आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**जाने माने...**उन्होंने तैयार किए थे उनमें प्यार तो होना ही था, हम दिल दे चुके सनम, मिशन कश्मीर, राजू चाचा, देवदास, लगान, बाजीराव मस्तानी शामिल हैं. बिग बॉस का सेट भी वो डिजाइन किया था। बता दें कि साल 2005 में उन्होंने मुंबई के पास कर्जत में 52 एकड़ में फैला अपना एनडी स्टूडियो खोला था। बेस्ट आर्ट डायरेक्टर के तौर पर नितिन देसाई को 4 बार नेशनल अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था।

**हनी ट्रैप में फंसाकर...**मांग कर दी। यह रकम भी व्यापारी ने दे दी और फिर एक धमकी भरा फोन आया और 1,51000 की मांग की गई। वह पैसे के जमा करते ही लोकल पुलिस में मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर 2,41000 रुपये वलूस लिए गए। इस तरह जालसाजों ने पीड़ित व्यापारी से 5,19,000 रुपये ठग लिए। व्यापारी का कहना है कि जालसाज उसको ब्लैकमेल करते रहे। जिसके बाद थक हार कर पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। व्यापारी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**आग से सब्जी...**आग की लपटें और धुंआ उठता देख आस पास रहने वाले लोगों को अनहोनी का संदेह हुआ। पास जाकर देखा तो दुकाने जल रही थी। जिसपर उन्होंने तत्काल दुकान स्वामियों को आग लगने की सूचना दी। आनन फानन में आग को बुझाने की कोशिश की गयी ,मगर तब तक सब्जी,कैरेट, इलेक्ट्रिक कांटा आदि सब कुछ जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता नही चल सका है। सूचना पर पहुंची पुलिस आस पास के कैमरो की सीसी टीवी फुटेज की जाँच कर रही है। अग्निकाण्ड में मुख्य सब्जी विक्रेता ठाकुर साना निवासी बैकुंठपुर को लगभग 20 हजार का नुकसान हुआ है जबकि, रविन मण्डल निवासी बैकुंठपुर को भी 20 और कृष्ण मण्डल निवासी बैकुंठपुर को लगभग 30 हजार का नुकसान होने का अनुमान है।

**खाई में गिरी...**पुल से 100 मीटर आगे नथुवाखान की तरफ से सड़क से लगभग 30मीटर नदी में वैगन आर संख्या यू.के.04 टी.बी.3668 गिरी मिली। वाहन के अंदर ड्राइविंग सीट पर रामगढ़ निवासी चालक 48 वर्षीय गोविंद सिंह कार्की फंसा हुआ था। पुलिस फोर्स एवं गांव वासियों की मदद से गोविंद को बाहर निकाला गया लेकिन तबतक गोविंद के शरीर ने हरकत करना बन्द कर दिया था। गोविंद को सी.एस.सी.रामगढ़ के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पंचायतनामे की कारवाई के साथ ही पुलिस ने आसपास सर्च ऑपरेशन चलाकर गोविंद के सह यात्री की तलाश की लेकिन कोई नहीं मिला। ग्रामीणों ने बताया कि दुर्घटना रात लगभग 11से12 बजे हुई और वाहन में गोविंद सिंह कार्की अकेले थे।

**बादल फटने से...**से बंद हो गया है। लिपुलेख सड़क पहले से बंद है। जिले में 18 से अधिक सड़कों में मलबा आया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने पूरे प्रदेश के लिए तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। जबकि देहरादून, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले के अधिकतर इलाकों में तेज बारिश होने की अधिक आशंका जताई है।

**साईबर ठगों ने ...**की तो उससे बैंक खाते की जानकारी ले ली गई। इसके बाद अलग-अलग किश्तों में उसके बैंक खाते से 33 हजार रकम कट गई। इसके बाद उसने जब उक्त नंबर पर पुनः संपर्क साधने का प्रयास किया तो वह स्विच ऑफ निकला। इस पर उसे ठगे जाने आभास हुआ। जबकि साइबर ठगी की एक अन्य घटना कुसुमखेड़ा निवासी राहुल पांडे के साथ हुई। राहुल ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसके ऑनलाइन टेलेग्राम ऐप के माध्यम से 4.81 लाख की धोखाधड़ी की गई है। पीड़ितों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**आढ़त सेलौटते...**का मुंह फट गया जबकि समीर के सिर पर गंभीर चोटें आ गई। शोर होने पर जब परिजन मौके पर पहुंचे तो हमलावर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**चोरी की बाइक...**देकर कहा था कि उसकी बाइक संख्या यूके 06एफ 6802 को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की। पुलिस टीम ने चोरी हुई बाइक को रेलवे फटाक के पास बेदी मोहल्ला की ओर जाने वाली सड़क पर बरामद करते हुए मामले में होरी विश्वास पुत्र सेमल विश्वास निवासी बेदी मोहल्ला और अजय साहनी पुत्र पहवायी निवासी झा कालोनी पंतनगर को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने सतनाम सिंह उर्फ सत्तु पुत्र अमरीक सिंह निवासी कनकपुर किच्छा को एक चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। तीनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक राजेन्द्र पन्त, कांस्टेबल जगमोहन सिंह, दीपक बोरा आदि शामल रहे।

**चाईल्ड पोर्नोग्राफी...**नंबर का इस्तेमाल कर सोशल मीडिया पर उपरोक्त वीडियो अपलोड की है जो दंडनीय अपराध है। पुलिस ने सुजीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।


### सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि पहले मेरा नाम श्रेया (SHREYA) था अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके श्रेया कालड़ा (SHREYA KALRA) रख लिया है। भविष्य में हर मौके पर हर विवरण में मेरे नए नाम श्रेया कालड़ा (SHREYA KALRA) से ही सम्बोधित किया जाये।

**श्रेया कालड़ा पुत्री श्री राजेन्द्र कालड़ा**
निवासी- मटकोटा रोड़, भूरारानी, तह0 रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड।



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

काशीपुर रोड पर

बड़ी कॉलोनी के बीचों-बीच

फार्म हाउस हेतु एक बड़ा प्लॉट उपलब्ध है।



CONSTRUCTING HAPPINESS







आस पास निर्माणाधीन मकान

- रजिस्ट्री, दाखिल खरिज एवं 143 प्लॉट
- कॉर्नर का प्लॉट
- 4 खूबसूरत पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- कॉलोनी में दर्जनों परिवार निवासरत

86504-18000 / 86501-18000